प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.06.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे4

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए तैयार किया ह अनुकूल वातावरण।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केंद्र में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर लखनऊ और वाराणसी में आयोजित कार्यक्रमों में हुए शामिल : कहा –अपनी शक्ति और सामर्थ्य का प्रदर्शन करते ह,ए विकास यात्रा पर अग्रसर है देश।
3. मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी के लिये 45 इलेक्ट्रिक और 3 हाइड्रोजन बसों का किया शुभारंभ : कहा– नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में अहम साबित होगी पहल। और
4. आईआईटी कानपुर में जुलाई से शुरू होगा साइबर सिक्योरिटी स्नातक पाठ्यक्रम : साइबर हमलों से बचाव के लिए प्रशिक्षित करेगा यह कोर्स।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन और उद्यमिता से लेकर शिक्षा, हल्थ

केयर, साफ़–सफ़ाई, आवास, खेल, विज्ञान और गवर्नेंस तक महिलाएं अलग–अलग क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रही हैं। एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने महिला–नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय सहयोग देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियां सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इन प्रयासों से अब महिलाएं अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। श्री मोदी ने विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार जैसे क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की बढ़ती उपलब्धियों की सराहना की। प्रिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में अनेक प्रभावी कदम उठाएं हैं। केंद्र में एनडीए सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आज लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि हम उस नए भारत के नागरिक हैं, जो अपनी विकास यात्रा की तमाम चुनौतियों का सामने करते हुए आगे बढ़ रहा है। बाइट.....

*भारत ने अपनी शक्ति और सामर्थ्य का एहसास आज दुनिया को कराया है और आने वाले समय में भारत की ताकत का लोहा न केवल दुनिया करेगी बल्कि उसका अनुसरण भी करने को मजबूर होगी और इसलिए देश के अंदर सर्वाधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री*

*जी के नेतृत्व में भारत ने देखा है। मैं इसके लिए सबसे पहले उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी का अभिनंदन करता हूं।*

इसके बाद मुख्यमंत्री वाराणसी में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को *स्वीकृति* पत्र प्रदान किए।

इसो क्रम में प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत के वनकटी में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं। श्री प्रसाद ने कहा कि एनडीए सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीबों को पक्का मकान देने के साथ ही इंफ्रास्ट्रकचर, रोजगार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किया है।

———————

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति पर आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज के अंक में हम विदेश नीति के माध्यम से भारत को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार के उठाए गए कदमों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।....

*पिछली 12 वर्षों में भारत अपनी साहसिक पहलों के दम पर एक मजबूत ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। दुनियाभर में भारत के जुड़ाव काएक बहुत बड़ा हिस्सा मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्य है। नवम्बर 2025 में श्रीलंका के पूर्वी तट पर चक्रवातदित्वा टकराया था। जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े होकर*

*भारत ने उन्हें तुरंत मानवीय सहायता और आपदा राहत पहुंचाने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया। इस बचाव और राहत कार्य में भारतीय नौसेना, वायु सेना, थलसेना और आपदा प्रतिक्रिया के दलों ने मिलकर काम किया। भारतीय नौसेना के जहाजों ने तमिलनाडु से एक हजार टन से ज्यादा राहत सामग्री पहुंचाई। भारतीय नौसेना के हैलीकॉप्टरों ने 264 लोगों की जान बचाकर उन्हें सुरक्षित निकाला और 50 टन सामग्री एयर लिफ्ट की। इसके अलावा वहां फंसे 2500 से ज्यादा भारतीयों को भी सुरक्षित बाहर निकल गया। भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता कोविड महामारी के दौरान देखने को मिली। जनवरी 2021 से भारत ने 99 देशों संयुक्त राष्ट्र की दो संस्थाओं को 30 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज सप्लाई की है इसमें 50 से ज्यादा देशों को तोहफे में दी गई और कोवैक्स पहल के जरिए दी गई डोज शामिल है। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट तक संचालित होने वाली परिवहन निगम की 45 इलेक्ट्रिक और 3 हाइड्रोजन बसों

का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपा का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 जून तक 110 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो जाएगा और मांग के अनुरूप बसों की संख्या बढ़ाई जाएगो। श्री योगी ने कहा कि यह नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जी के विजन को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए जब 15 जून से भारत का सबसे बड़े एयरपोर्ट के संचालन का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है तो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सुचारू वायु सेवा की दृष्टि से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस दिशा में यह प्रयास तीनों अथॉरिटी ने मिलकर के उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के माध्यम से प्रारंभ किया है।*

————————————

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा की परीक्षा अवधि को 15 मिनट बढ़ाकर 195 मिनट का कर दिया है। संशोधित समय के अनुसार परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक रहेगा। संशोधित परीक्षा अवधि में अनिवार्य परीक्षा औपचारिकताओं के लिए आवश्यक समय शामिल है। एनटीए ने प्रश्न पत्र पुस्तिका के साथ दिए जाने वाली रफ वर्कशीट को दो पृष्ठ से बढ़ाकर चार कर दिया गया है। इसके साथ ही उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे प्रवेश पत्र और सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करें।

———————

कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी द्वारा जुलाई 2026 से बैचलर ऑफ साइबर सिक्योरिटी का नया स्नातक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल  ने बताया कि इस कोर्स को शुरू करने का उद्देश्य भविष्य में साइबर हमलों से बचाव के लिए प्रशिक्षित टीम तैयार करना है। बाइट.....

*इसका मुख्य उद्देश्य एक साइबर वॉरियर्स की ट्रेनिंग है। साइबर प्रोटेक्शन की हर एक देश को इस समय अत्यधिक आवश्यकता है। मैं एडमिशन जेई एडवांस के द्वारा नहीं होगा। एडमिशन एक हैकथॉन मुख्यत के द्वारा होगा और इसका उद्देश्य है ऐसे स्टूडेंट्स को ढूंढना जो कि प्रारंभ से ही इस दिशा में रुचि रखते हैं, इस दिशा में काम कर रहे हैं।*

———————

केन्द्र सरकार ने संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों को खुदरा विक्रेताओं से मोटर ईंधन और हाई स्पीड डीजल खरीदने पर रोक लगा दी है। सरकार ने कहा है कि वे अपनी जरूरतें घरेलू पेट्रोल पंप से पूरी करें।

———————

उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस–वे पर  हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। यह घटना थाना आसीवन क्षेत्र में हुई जब एक तेज़ रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगो ने

मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हो गई।

———————————

पीलीभीत, उन्नाव, हापुड़ समेत कई जिलों में तेज़ हवाओं और बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और और पश्चिमी हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)